**26/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्यौहार बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान गणेश की पूजा ज्ञान और कल्याण के स्रोत के रूप में की जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि लोग नई शुरुआत और बाधाओं के निवारण के लिए भगवान गणेश का आशीर्वाद लेते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्यौहार लोगों को नए लक्ष्यों और सकारात्मक भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के साथ इस त्यौहार को मनाने और एक स्वच्छ, हरित तथा समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के हंसलपुर से मेड इन इंडिया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (BEV) 'ई-विटारा' को हरी झंडी दिखाई। इन वाहनों का निर्यात यूरोप और जापान जैसे प्रमुख बाजारों सहित 100 से अधिक देशों में किया जाएगा। गुजरात के दो दिवसीय दौरे के तहत प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद के हंसलपुर स्थित सुजुकी मोटर प्लांट में एक्ज़िविशन का दौरा भी किया। स्वच्छ ऊर्जा में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़े कदम में, प्रधानमंत्री ने हंसलपुर स्थित टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी प्लांट में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन की

शुरुआत के साथ भारत के बैटरी इकोसिस्टम के अगले चरण का भी शुभारंभ किया। यह प्लांट तोशिबा, डेंसो और सुजुकी का एक संयुक्त उद्यम है, जो घरेलू विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा नवाचार को बढ़ावा देगा। अब अस्सी प्रतिशत से अधिक बैटरी का निर्माण भारत में ही किया जाएगा।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज इस बात पर प्रकाश डाला कि अरुणाचल प्रदेश में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम लागू करने के बाद, कई सीमावर्ती गाँवों की आबादी में वृद्धि हुई है। श्री शाह ने नई दिल्ली में दो दिवसीय वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन देश और उसकी सीमाओं की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करते हैं। श्री शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम सीमावर्ती गाँवों में बुनियादी ढाँचे, संस्कृति के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देकर रोज़गार को बढ़ावा दे रहा है। कार्यशाला में राज्य के मुख्य सचिव मनिष कुमार गुप्ता भी भाग ले रहे है।

0000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के दो उन्नत अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भारत सरकार द्वारा

शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों की सफलता को दर्शाता है। यह पहली बार है कि भारत के दो प्रतिष्ठित शिपयार्ड्स से दो प्रमुख सतही लड़ाकू जहाजों का एक साथ जलावतरण किया गया है, जो भारत के त्वरित नौसेना आधुनिकीकरण और कई शिपयार्डों से परिष्कृत युद्धपोत बनाने की उसकी क्षमता को दर्शाता है।

0000000000000000000000

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि भारत का अपना आयरन डोम 'सुदर्शन चक्र' सामरिक, नागरिक और राष्ट्रीय महत्व के स्थलों की रक्षा करेगा और ढाल एवं तलवार दोनों की भूमिका निभाएगा। मध्य प्रदेश के आर्मी वॉर कॉलेज में आज युद्ध, युद्ध कौशल और युद्ध-कूटनीति पर दो दिवसीय त्रि-सेवा संवाद 'रण संवाद-2025' को संबोधित करते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि इस प्रणाली में सॉफ्ट स्किल्स और हार्ड स्किल्स के उपयोग सहित दुश्मन के हवाई संकेतों का पता लगाने, उन्हें प्राप्त करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए मज़बूत बुनियादी ढाँचे और प्रक्रियाओं का विकास शामिल होगा।

0000000000000000000000

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए, नाहरलागुन के पाचिन स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के नांग एकथानी मौंगलांग का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने नांग एकथानी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य को उनकी

उपलब्धि और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर बहुत गर्व है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 प्रदान करेंगी।

0000000000000000000000

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल ने की अध्यक्षता में राज्य के शहरी मामलों के मंत्री, बालो राजा ने आज स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 पर आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर कल के लिए स्वच्छ, हरित और टिकाऊ शहरी क्षेत्रों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

भारतीय ओलंपियन सिफ्ट कौर समरा ने आज कज़ाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। सिफ्ट ने 459.2 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

0000000000000000000000